तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि

# बालोद भूमि

रायपुर, शुक्रवार 5 जून 2026

12 वीर सावरकर नेशनल कॉन्क्लेव अवॉर्ड से सम्मानित ...



10 सेक्टर-10 में प्रवर्तन व बिजली विभाग के कर्मियों...





## खबर संक्षेप

### नाबालिग से दुष्कर्म आरोपी गिरफ्तार



**बालोद/अर्जुन्दा।** अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के एक गांव में 15 साल की नाबालिग बच्ची ने बेटे को जन्म दिया। लेकिन अविकसित नवजात की 24 घंटे की भीतर मौत हो गई। मामले में पुलिस ने आरोपी भोलेश्वर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जहां पुलिस आगे की जांच में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार मामला अर्जुन्दा थाना क्षेत्र के एक गांव का है। प्रसव पीड़ा से तड़प रही एक नाबालिग को परिजन डुंडेरा अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां नाबालिग ने एक शिशु को जन्म दिया। इसके बाद घरवाले नाबालिग मां और नवजात को गंभीर हालत में जिला मातृ शिशु अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान नवजात की मौत हो गई। इसके बाद जिला अस्पताल प्रबंधन ने बालोद पुलिस को सूचना दी। परिजन बच्चे का शव लेकर जाने वाले थे, लेकिन पुलिस ने शव को मर्च्युरी में रखकर पोस्टमार्टम कराया। इस दौरान पीड़िता और परिजनों के बयान में सामने आया कि एक ट्रैक्टर चालक ने नाबालिग के साथ कई बार दुष्कर्म किया था। पुलिस ने नवजात की मौत के मामले में शून्य मर्ग दर्ज कर केस डायरी अर्जुन्दा पुलिस को भेजी। इसके बाद बुधवार को 24 वर्षीय आरोपी भोलेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार नाबालिग 9वीं कक्षा तक पढ़ाई करने के बाद पढ़ाई छोड़ चुकी थी। उसके घर आरोपी ट्रैक्टर चालक का अक्सर आना–जाना था। जिसने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया।

### आईटीआई प्रवेश के लिए आवेदन 15 जून तक

**डौंडीलोहारा।** छत्तीसगढ़ शासन के कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग के अंतर्गत संचालित शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) डौंडीलोहारा, जिला बालोद में अगस्त 2026 सत्र के लिए विभिन्न व्यवसायों की रिक्त सीटों पर प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। संस्था में एनसीवीटी एवं एससीवीटी के अंतर्गत फिटर, इलेक्ट्रिशियन, मशीनिस्ट, कंप्यूटर ऑपरेटर एवं प्रोग्रामिंग असिस्टेंट (कोपा), स्टेनोग्राफर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (हिंदी), वेल्डर, मैकेनिक डीजल, वुड वर्क टेक्नीशियन (कारपेंटर) तथा ड्राइवर कम मैकेनिक ट्रेड में रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक अभ्यर्थी 29 मई 2026 से 15 जून 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन करने वाले अभ्यर्थी का छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना अनिवार्य है। प्रवेश के लिए अभ्यर्थी ▶▶| शेष पेज 11 पर







**परिणाम**

**रिजल्ट के बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने निकाला विजय जुलूस, क्षेत्र में जश्न का माहौल**

# पलारी नगर पंचायत में कांग्रेस का कब्जा अध्यक्ष सहित 10 वार्डों में मिली जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

भाजपा सरकार ने नगर पंचायत पलारी की सौगात दी, लेकिन मतदाताओ ने रिटर्न गिफ्ट न देकर नगर पंचायत की सत्ता कांग्रेस को सौप दी। अध्यक्ष सहित 10 पार्षद कांग्रेस के विजयी रहे। 5 पार्शद भाजपा की टिकट पर जीते। अब पलारी जिला का पहला नगरीय निकाय होगा जहां कांग्रेस की सत्ता होगी।

- नवगठित निकाय के पहले चुनाव में कांग्रेस को स्पष्ट बहुमत, भाजपा पांच वार्डों तक सिमटी

नवगठित पलारी नगर पंचायत में जनता ने विकास के दावो को भी स्वीकार नही किया, ना भविष्य के विकास की संभावनाओ की परवाह की और कांग्रेस को अपना समर्थन दिया। नगर पंचायत में 96,10 प्रतिशत मतदान हुआ। इससे स्पष्ट है कि बहुसंख्यक मतदाताओ ने भाजपा को अस्वीकार कर दिया।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पलारी के मतगणना कक्ष में सुबह 09 बजे मतगणना कार्य प्रारंभ हुआ। भाजपा के लखन लाल गुरूपंच को 1523 मत मिले वही कांग्रेस के यानेश साहू को 2029 मत मिलेएवं नोटा को 42 मत प्राप्त हुआ है। यानेश साहू 506 मतो के अंतर से विजयी रहे। वही 15 वार्डो में वार्ड क्रमांक 1, 5, 6, 7, 8, 9, 10, 12, 14 में कांग्रेस प्रत्याशी जीता। वही भाजपा को 2, 3, 11, 13, 15 वार्डो में जीत मिली। वार्ड क्रमांक 4 में दोनो प्रत्याशी को 127–127 मत मिले जिसमे लाटरी निकालकर परिणाम निकाला जिसमे कांग्रेस के तीरथ राम विजयी रहे।

परिणाम के बाद विधायक संगीता सिन्हा, धमतरी विधायक आंकोर साहू, पुर्व विधायक लेखराम साहू के सांथ विजयी प्रत्याशियों ने विजय जुलुश निकाला। वार्ड 01 के लिए संपन्न मतगणना में प्रकाश कुमार साहू को 182 एवं तेजराम साहू को 156 एवं नोटा को 02 मत प्राप्त हुआ है। इसी तरह वार्ड क्रमांक 02 में गजेन्द्र साहू को अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी बीरबल साहू को 49 मतों से पराजित कर पार्षद पद पर निर्वाचित हुआ है। गजेन्द्र साहू को 157 एवं बीरबल साहू को 108 तथा नोटा को 01 मत प्राप्त हुए हैं। वार्ड क्रमांक 03 में नेहा गुलशन साहू ने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी जागृति साहू को 22 मतों से पराजित किया। नेहा गुलशन साहू को 155 एवं जागृति साहू को 133 मत एवं नोटा को 05 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 04 मे तीरथ राम साहू एवं खिलेन्द्र कुमार साहू को समान रूप से 127–127 मत प्राप्त होने पर लॉटरी पद्धति से इन दोनों अभ्यर्थियों की निर्वाचन की कार्यवाही की गई। लॉटरी पद्धति से मतगणना की कार्यवाही में तीरथ राम साहू वार्ड पार्षद निर्वाचित हुए। वार्ड क्रमांक 04 मे प्रशांत कुमार साहू को 04 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 05 में राजेश कुमार यादव ने महेश साहू को 38 मतों से पराजित किया। राजेश कुमार यादव को 167 एवं महेश साहू को 129 मत एवं नोटा को 02 मत प्राप्त हुए। वार्ड क्रमांक 06 में तुलेश्वरी निषाद ने राधिका निषाद को 27 मतों से पराजित किया। तुलेश्वरी निषाद को 86 एवं राधिका निषाद को 59 तथा नोटा को 01 मत प्राप्त हुआ। वार्ड क्रमांक 07 में पूर्णेश्वर साहू ने संजय कुमार साहू को 25 मतों से पराजित कर पार्षद निर्वाचित हुए हैं। पूर्णेश्वर साहू को 112, संजय कुमार साहू को 87, उत्तम साहू को 26 एवं नोटा को 02 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 08 में श्याम बाई साहू ने चित्ररेख साहू ▶▶| शेष पेज 11 पर



### नगर पंचायत पलारी में कांग्रेस की जीत पर जश्न, फूटे पटाखे और बंटी मिठाइयां

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत पलारी में कांग्रेस प्रत्याशी यानेश साहू की ऐतिहासिक विजय एवं कांग्रेस समर्थित पार्षदों की शानदार जीत पर नगर में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लास के साथ विजय उत्सव मनाया गया। स्थानीय राजीव भवन के सामने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष राजू प्रभाकर के नेतृत्व में कांग्रेसजनों ने फटाखे फोड़कर एवं मिठाई बांटकर जीत की खुशी मनाई तथा सभी विजयी प्रत्याशियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि नगर पंचायत पलारी में कांग्रेस की यह जीत जनता के विश्वास, कांग्रेस कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत तथा क्षेत्र के विकास के प्रति लोगों की प्रतिबद्धता का परिणाम है। यह विजय प्रदेश में कांग्रेस की जनहितैषी नीतियों एवं जनता के प्रति समर्पण का प्रतीक है। सभी वक्ताओं ने विजयी अध्यक्ष एवं पार्षदों के सफल, पारदर्शी एवं जनकल्याणकारी कार्यकाल की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि गोविंद चंद्राकर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं जिला उपाध्यक्ष हस्तीमल सांखला, पूर्व मंडी अध्यक्ष भोलाराम देशमुख, मंडल अध्यक्ष झूमुक परसाई, जनपद सदस्य देव राणा, वरिष्ठ कांग्रेसी मूलचंद शर्मा, प्रकाश शर्मा, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी उपाध्यक्ष व पार्षद राकेश सांखला, सरपंच मेनलाल भुआर्य, युवा कांग्रेस नेता कान्हा सिंह टांक, रवि साहू, पूर्व नगर अध्यक्ष गोपी साहू, जिला मीडिया प्रभारी डोमेन्द्र कुमार साहसी सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### मतदाताओं ने कांग्रेस को सौंपी सत्ता

विधायक संगीता सिन्हा ने कहा यह लोकतंत्र की जीत है, जनता ने भाजपा व उसके झूठे दावों को नकार दिया है। भाजपा नेताओं ने कहा हम जनादेश को स्वीकार करते है। हार के कारणों की समीक्षा करेंगे। आज संपन्न मतगणना कार्य की संपूर्ण कार्यवाही सामान्य प्रेक्षक सलमा फारूकी आईएफएस, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक की उपस्थित एवं देखरेख में संपन्न की गई। मतगणना कार्य संपन्न होने के पश्चात रिटर्निंग ऑफिसर एवं एसडीएम आरके सोनकर नव निर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष सहित सभी पार्षदों को निर्वाचन प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस अवसर पर रिटर्निंग ऑफिसर सोनकर नगर पंचायत गुरूर में मतगणना कार्य बिना किसी अवरोध के सफलतापूर्वक संपन्न होने पर जिला एवं पुलिस प्रशासन तथा मतगणना कार्य में लगे सभी अधिकारी–कर्मचारियों तथा अध्यक्ष एवं पार्षद पद के सभी अभ्यर्थियों एवं आम नागरिकों को हृदय से धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उनके प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया।

## भालू के हमले में घायल युवक को समय पर नहीं मिला रेबीज इंजेक्शन, जनपद उपाध्यक्ष नाराज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ग्राम पंचायत सिंघोला के सुकड़ीगुहान में रविवार सुबह भालू के हमले में घायल हुए रोहित नेताम के मामले में जनपद उपाध्यक्ष भोला राम नेताम ने तुरंत संज्ञान लिया है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों और तहसीलदार से तुरंत बात कर घायल को उचित उपचार दिलाने के निर्देश दिए।

रोहित को प्राथमिक उपचार के लिए पीएचसी घोठिया लाया गया था, लेकिन यहां रेबीज का इंजेक्शन उपलब्ध न होने पर जनपद उपाध्यक्ष भोला राम नेताम भड़क गए। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही पर नाराजगी जताते हुए कहा कि भालू बहुल क्षेत्र में पीएचसी में रेबीज का इंजेक्शन न होना सीधे तौर पर लापरवाही है। किसी की जान चली जाए तो जिम्मेदार कौन होगा?`उन्होंने तत्काल इंजेक्शन की व्यवस्था कराने की मांग की है।।



**वन विभाग अलर्ट, मुनादी शुरू:** घटना की जानकारी मिलते ही डिप्टी रेंजर अनुराग राय वन विभाग की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने घायल के उपचार के निर्देश देने के साथ ही पूरे सुकड़ीगुहान, सिंघोला, कंजेली, आमांबहरा, परकाल क्षेत्र में मुनादी कराकर लोगों को सुबह-शाम जंगल में अकेले न जाने की हिदायत दी है। ग्रामीणों ने बताया कि जंगल कटाई के कारण भालू भोजन की तलाश में गांव की ओर रुख कर रहे हैं। जनपद सदस्य भोला राम नेताम ने पहले ही इस खतरे को लेकर अवगत कराया था। सिस्टम पर सवालभालू बहुल क्षेत्रपी एचसी घोठिया में रेबीज इंजेक्शन स्टॉक नहीं जनपद उपाध्यक्ष भोला राम नेताम ने तुरंत वन विभाग और तहसीलदार को फोन किया। लापरवाही, तत्काल व्यवस्था करो भोला राम नेताम ने कहा की वनांचल क्षेत्र की हर पीएचसी में रेबीज इंजेक्शन अनिवार्य हो।

## खनिज विभाग की देर रात कार्रवाई, अवैध उत्खनन में लगी जेसीबी, हाइवा और ट्रैक्टर जब्त

**बालोद।** खनिज विभाग द्वारा 03 जून को गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम पंचायत खेरूद में रात्रि 11.30 बजे निरीक्षण के दौरान मौके पर तांदुला नदी किनारे एक जेसीबी एवं हाइवा को जो भागने की कोशिश में था। उसे जप्त कर थाना अजुंर्दा में सुरक्षार्थ रखा गया। इसके साथ ही ग्राम खेरूद अंतर्गत एक अन्य स्थान पर एक जेसीबी एवं ट्रैक्टर से खनिज मिट्टी उत्खनन, परिवहन करते पाए जाने पर उक्त वाहनों को जप्त कर थाना अजुंर्दा में सुरक्षार्थ रखा गया है।



## ट्यूशन जा रहे बच्चों से भरी ई-रिक्शा को बाइक ने मारी टक्कर, 8 बच्चे घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ई रिक्शा के माध्यम से ट्यूशन पढ़ने जा रहे बच्चो को बाईक ने ठोकर मार दी। जिससे बच्चे ई रिक्शा सहित कटिले झाड़ियो में जा गिरे। जिसके बाद उन्हे अस्पताल पहुंचाया गया।

- घायलों को गुण्डरदेही अस्पताल में कराया गया भर्ती

मिली जानकारी के अनुसार गुण्डरदेही ब्लाक के ग्राम तवेरा मार्ग पर ई–रिक्शा के माध्यम से ट्यूशन की पढ़ाई करने के लिए जा रहे थे तभी सामने से आ रही बाईक ने ई रिक्शा को ठोकर मार दिया। जिसमें सामने की ओर से अपनी ओर आ रहे बाईक से बचने के लिए ई रिक्शा चालक ने वाहन सड़क किनारे मोड़कर बचने का प्रयास किया, लेकिन तेज रफ्तार आ रहे वाहन ने ई रिक्शा को तेजगति से ठोकर मार दिया, जिससे ई रिक्शा कटिले झाड़ियो में जा गिरा। जिसमे सवार 8 बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसके बाद आस पास मौजूद लोगों ने घायल बच्चो को गुण्डरदेही अस्पताल पहुंचाया। जहां कई बच्चो के सिर व शरीर के अन्य हिस्सो में गंभीर चोट लगने की जानकारी प्राप्त हो रही है। उक्त दुर्घटना के कारण मार्ग पुरी तरह प्रभावित रहा तथा घटना के कुछ देर बाद आवागमन बहाल कराया गया। वही पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। पुलिस जांच के बाद ही हादसे के कारणो का खुलासा हो पाएगा।



**जिले के कई किसान खेतों में कर रहे ब्लू ग्रीन एल्गी का उत्पादन**

## नील हरित शैवाल से बढ़ेगी मिट्टी की उर्वरता, किसानों को मिलेगा जैविक खेती का लाभ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

आज के दौर में टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना समय की मांग है, जिसमें नील हरित शैवाल (ब्लू ग्रीन एल्गी) का उत्पादन, किसानों को किफायती दर पर जैविक उर्वरक उपलब्ध कराने और टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

- धान की पैदावार में 8 से 10 प्रतिशत वृद्धि की संभावना

कृषि विभाग के उप संचालक आशीष चंद्राकर ने बताया कि नीलहरित शैवाल, जिसे वैज्ञानिक रूप से सायनोबैक्टीरिया कहा जाता है, मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने में अत्यंत उपयोगी है। यह प्राकृतिक रूप से नाइट्रोजन स्थिरीकरण की प्रक्रिया के माध्यम से भूमि में पोषक तत्वों की पूर्ति करता है। विशेषज्ञों के अनुसार, इसके उपयोग से प्रति हेक्टेयर लगभग 25 से 30 किलोग्राम तक नाइट्रोजन की आपूर्ति संभव है, जिससे रासायनिक उर्वरकों की जरूरत कम पड़ती है। इससे न केवल किसानों की खेती की लागत में कमी आएगी, बल्कि वे जैविक खेती की ओर भी प्रेरित होंगे।



विशेषज्ञों का मानना है कि इस पहल से पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा, क्योंकि जैव उर्वरकों के उपयोग से मृदा स्वास्थ्य बेहतर होता है। इस जैव उर्वरक का उपयोग विशेष रूप से धान की फसलों में लाभकारी है। जलभराव वाले खेतों में नील–हरित शैवाल तेजी से विकसित होता है, जिससे धान उत्पादन में वृद्धि और गुणवत्ता में सुधार होता है। इसके अतिरिक्त, यह क्षारीय एवं बंजर भूमि की उत्पादकता बढ़ाने में भी सहायक है।

जिले के ग्राम पथराटोला से लक्ष्मी पिस्दा, चंद्रशेखर धाकडे, बलदीन बाई, अलीत राम, चौत राम, दिलबर रावते, श्रवण कुमार, यशोदा बाई, आशा धनकर, कारूटोला के संजय भूआर्य एवं फरदडीह के चेतन साहू इच्छुक किसानों के द्वारा अपने खेतों में 02 मीटर लम्बा 1.5 मीटर चौड़ा गढ्ढे तैयार कर नील हरित शैवाल का उत्पादन किया जा रहा है। नील हरित शैवाल का उत्पादन करने वाले कृषक अपने खेतों में रोपाई एवं वियासी के समय इसका उपयोग कर प्रति हेक्टेयर लगभग 25 से 30 किलोग्राम तक नाइट्रोजन की आपूर्ति करेंगे तथा धान की पैदावार में 8 से 10 प्रतिशत तक बढ़ोतरी होगी। उन्होंने बताया कि जिले के इच्छुक किसान क्षेत्रीय ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, कृषि विकास अधिकारियों एवं वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारियों से सम्पर्क कर नील हरित शैवाल उत्पादन की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं।

## सीलबंद शराब की बोतल में मिले कांच के टुकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शराब उपभोक्ता को शराब की बोतल में कांच के कई टुकड़े मिलने की शिकायत ग्रामीणों ने की, ऐसे में जिले के शराब प्रेमियो के लिए यह एक तरह से चेतावनी या जागरूकता की बात कही जा सकती है कि उन्हे शराब सेवन करते समय सावधानी पूर्वक व जांच परख कर शराब का सेवन करना चाहिए।



- बालोद की देशी शराब दुकान से खरीदे गए पौवा में दिखे कांच जैसे कण, उपभोक्ताओं में हड़कंप

मिली जानकारी के अनुसार जिला मुख्यालय बालोद स्थित तांदुला डेम किनारे संचालित देशी शराब दुकान से खरीदे गए सीलबंद शराब के पौवा में कांच के टुकड़े मिलने से हड़कंप मच गया है। इस घटना ने न केवल शराब उत्पादन और आपूर्ति व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं, बल्कि उपभोक्ताओं की सुरक्षा को लेकर भी चिंता बढ़ा दी है। जानकारी के अनुसार एक शराब उपभोक्ता ने तांदुला डेम के समीप स्थित देशी शराब दुकान से रोमियो ब्रांड का देशी शराब का पौवा खरीदा था। शराब का सेवन करने से पहले उसने बोतल का निरीक्षण किया, जिसमें उसे ▶▶| शेष पेज 11 पर

## खबर संक्षेप



### जिले में कचरा प्रबंधन को लेकर अभियान 5 से

दुर्ग। जिले को देश का सबसे स्वच्छ और आदर्श जिला बनाने के उद्देश्य से एक बड़े महा-अभियान की शुरुआत की गई है। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सिविल अपील में पारित कड़े आदेशों और विगत 5 मई 2026 को जारी गाइडलाइंस के परिपालन में जिले के ग्रामीण इलाकों में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 को पूरी कड़ाई से लागू करने का निर्णय लिया गया है। इसके तहत अब जिले में खुले में कचरा फेंकने, डंप करने, उसे जलाने या दबाने पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नियमों की चौबीसों घंटे सख्त निगरानी करने और पर्यावरणीय मानकों को बनाए रखने के लिए जिला स्तर पर एक विशेष टास्क फोर्स समिति का भी गठन किया गया है, जो कचरा प्रबंधन से जुड़े हर मोर्चे पर पैनी नजर रखेगी।इस कार्यशाला में जनपद पंचायत दुर्ग, धमधा एवं पाटन की समस्त 300 ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों समेत राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन बिहान व स्वच्छ भारत मिशन के 300 से अधिक मैदानी अधिकारियों और कर्मचारियों बीपीएम, एरिया कोऑर्डिनेटर, पीआरपी, एफएल सीआरपी, कृषि, पशु व पोषण सखियों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया।

### सिकलिंग पीड़ित दीपिका की मौत का मामला

# प्रशासनिक टीम ने की आठ घंटे की जांच मृतक युवती के शरीर में 5.4 ग्राम था ब्लड

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग



सिकलिंग पीड़ित 22 वर्षीय दीपिका की मौत मामले की जांच जिले की प्रशासनिक टीम ने बुधवार को शुरू कर दी। अपर कलेक्टर योगिता देवांगन व सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी ने जिला अस्पताल के डॉक्टरों व स्टॉफ के बयान दर्ज किए। स्टेशन मरोदा निवासी योगिता के शरीर में महज 5.4 ग्राम ब्लड था। इसलिए उसे ब्लड चढ़ाने की सख्त आवश्यकता थी। केजुअलिटी, फिमेल वार्ड और ब्लड बैंक के डॉक्टरों व स्टॉफ से करीब 8 घंटे तक पूछताछ की गई। सुबह 10 बजे से शाम करीब 6 बजे तक टीम ने बयान दर्ज किए हैं।

## पोस्टमार्टम रिपोर्ट का भी है टीम को इंतजार

### ब्लड लेने आए थे दीपिका के पिता

टीम ने ब्लड बैंक में लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले। यहां सुबह 11.48 बजे मृतिका के पिता मन्नूराम ब्लड बैंक अपनी बेटी दीपिका के लिए ब्लड लेने आए थे यह पुष्टि सीसीटीवी फुटेज से हो गई है। इसके पहले सीएमएचओ डॉ. एके मिंज ने ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. जेपी मेश्राम से पूछताछ की थी तो उन्होने परिजनों के आने से साफ इनकार किया था। जांच टीम को दिए बयान में स्टॉफ ने यह कहा है कि ब्लड सेंपल लेकर दीपिका के पिता नहीं आए थे इसलिए उन्हे सेंपल लाने कहा गया लेकिन वे दोबारा नहीं आए। जबकि दीपिका के माता-पिता का कहना है कि एक्चेंज डोनर लाने पर ही ब्लड देंगे यह कहा गया। इसलिए दीपिका को ब्लड नहीं चढ़ पाया और उसकी मौत हो गई।

### दर्द व बुखार के लिए हुई थी भर्ती

जांच टीम ने दीपिका का इलाज करने वाले डॉक्टर सन्नी का भी बयान लिया है। डॉक्टर ने दीपिका को दर्द और बुखार संबंधी समस्या के लिए जिला अस्पताल में भर्ती करवाकर इलाज करना बताया है। टीम परिजनों का बयान अभी नहीं लिया है। वहीं सिविल सर्जन डॉ. एके मिंज ने बताया कि दीपिका का पोस्टमार्टम रिपोर्ट अभी नहीं आई है। रिपोर्ट आने से जांच में मदद मिलेगी।

### कांग्रेसियो ने किया सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव दोषियों पर अपराध दर्ज करने की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

दीपिका के मौत मामले में बुधवार को जिला कांग्रेस कमेटी ने सिविल सर्जन कार्यालय का घेराव किया। अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल के नेतृत्व में जिला अस्पताल पहुंचे और विरोध प्रदर्शन किया। गंभीर लापरवाही करने वालों पर अपराध दर्ज करवाने और कड़ी कार्यवाही की मांग की। लगभग 2 घंटे जिला अस्पताल में कांग्रेसियों ने ब्लड बैंक प्रभारी , जिला अस्पताल प्रबंधन से लेकर , स्वास्थ्य मंत्री प्रभारी मंत्री और मुख्यमंत्री के खिलाफ नारेबाजी की। जिला कांग्रेस




अध्यक्ष धीरज बाकलीवाल ने कहा कि जिला चिकित्सालय दुर्ग में लगातार सामने आ रही गंभीर लापरवाहियों एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की बदहाल स्थिति को लेकर आमजन परेशान है 5 दिन पूर्व ही कांग्रेस ने ज्ञापन सौंपकर , मर्चुरी, ब्लड बैंक व अन्य दुर्व्यवस्था को लेकर ज्ञापन दिया था फिर एक अत्यंत दुखद एवं चिंताजनक घटना सामने आई है। सिकल सेल एनीमिया से पीड़ित दीपिका को मुफ्त में रक्त उपलब्ध किया जाना उसका अधिकार था, बीमारी के लिहाज से युवती को निशुल्क रक्त मिलना चाहिए था, किंतु लगभग 48 घंटे तक रक्त उपलब्ध नहीं होने के कारण उसकी मृत्यु हो गई। यह घटना मानवता एवं स्वास्थ्य सेवा व्यवस्था पर गंभीर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है।

#### कांग्रेसियों ने कहा- मामले में निष्पक्ष जांच कमेटी गठित हो

कांग्रेसियों की मांग है कि इस प्रकरण की जांच हेतु जिला प्रशासन के स्तर पर स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच समिति गठित की जाए। रक्त उपलब्धता व्यवस्था की संपूर्ण समीक्षा कर जवाबदेही तय की जाए। नहीं तो कांग्रेस दोबारा से उग्र आंदोलन प्रबंधन के खिलाफ करेंगी। इस मौके पर ब्लॉक अध्यक्ष अलताफ अहमद,नेता प्रतिपक्ष संजय कोहले रायसिंह दिकोला,प्रेमलता साहू, नासिर खोखर,सुशील भारद्वाज, निकिता मिलिंद,राहुल शर्मा, आनंद कपूर ताम्रकार गुरदीप भाटिया,मुकेश साहू,खुर्शीद अहमद पार्षद मनीष सोनी,पूर्व पार्षद अशोक मेहरा,राजकुमार वर्मा,पोषण साहू, बृजेंद्र भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

# हेमचंद यादव यूनिवर्सिटी में अनियमितता पर प्रदर्शन



हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

हेमचंद यादव विश्वविद्यालय में कथित वित्तीय अनियमितताओं एवं भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर एबीवीपी ने प्रदर्शन किया। इस दौरान पांच सूत्रीय मांगपत्र भी सौंपा। परिषद ने विश्वविद्यालय प्रशासन की कार्यप्रणाली पर उठ रहे गंभीर प्रश्नों के मद्देनजर मामले की निष्पक्ष, पारदर्शी एवं उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की। विद्यार्थी परिषद ने कहा कि उच्च शिक्षा संस्थान की विश्वसनीयता, शैक्षणिक वातावरण तथा विद्यार्थियों के हितों को प्रभावित हो रही है। इसलिए पूरे मामले की निष्पक्ष जांच होनी चाहिए। इस दौरान विश्वविद्यालय से संबंधित सभी वित्तीय एवं प्रशासनिक अनियमितताओं की उच्च स्तरीय जांच, जांच होने तक अधिकारियों को प्रशासनिक दायित्वों से पृथक रखा जाए, ऑडिट कराया जाए, दोषियों पर वैधानिक कार्रवाई हो, जांच को सार्वजनिक किया जाए।

■ सौंपा 5 सूत्रीय मांगपत्र, उग्र आंदोलन की चेतावनी

विद्यार्थी परिषद ने कहा कि विश्वविद्यालय केवल एक शैक्षणिक संस्था नहीं, बल्कि हजारों विद्यार्थियों के भविष्य निर्माण का केंद्र है। ऐसे में भ्रष्टाचार एवं वित्तीय अनियमितताओं के आरोप अत्यंत गंभीर विषय हैं, जिन पर तत्काल कार्यवाही होना आवश्यक है।दुर्ग नगर मंत्री गजानंद साहू ने कहा कि विश्वविद्यालय प्रशासन को आरोपों पर मौन रहने के बजाय पारदर्शिता के साथ जांच सुनिश्चित करनी चाहिए। जिला संयोजक रूपेश कुर्रे ने कहा विश्वविद्यालय की सरकारी गाड़ी का उपयोग निजी कार्यों के लिए किया गया है और उसके मरम्मत का खर्च विश्वविद्यालय के खाते से वहन किया गया है, तो यह अत्यंत गंभीर विषय है।

साइंस महाविद्यालय दुर्ग इकाई अध्यक्ष निमिष देवांगन ने कहा कि विद्यार्थी परिषद छात्र हितों से जुड़े किसी भी मुद्दे पर समझौता नहीं करेगी तथा विश्वविद्यालय में जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए निरंतर संघर्ष करती रहेगी।

# बिना बिल्डिंग परमिशन नल कनेक्शन की नहीं मिलेगी अनुमति

दुर्ग। नगर पालिक निगम क्षेत्र अंतर्गत वार्ड 1 से 10 तक के विकास कार्यों एवं जनसमस्याओं की समीक्षा को लेकर महापौर अलका बाघमार ने डाटा सेंटर में बैठक आयोजित की। बैठक में

■ वार्ड की समस्याओं पर चर्चा के दौरान महापौर ने दिए निर्देश

एमआईसी सदस्य, संबंधित वार्डों के पार्षद एवं निगम अधिकारी उपस्थित रहे। इस दौरान वार्डवार समस्याओं एवं आवश्यक विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक में महापौर ने वार्ड क्रमांक 1 से 10 तक के पार्षदों से बारी-बारी उनके क्षेत्रों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी ली। पार्षदों ने साफ-सफाई व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, सड़क एवं नाली निर्माण, पाइपलाइन विस्तार, पाइपलाइन लीकेज, बोर रिपेयरिंग, सुलभ शौचालयों की मरम्मत, प्रकाश व्यवस्था तथा नालियों की सफाई से संबंधित मुद्दों को प्रमुखता से रखा। अधिकारियों को निर्देशित करते हुए उन्होंने कहा कि बिना बिल्डिंग परमिशन किसी भी नए नल कनेक्शन की अनुमति नहीं दी जाएगी। उन्होंने कहा कि कई स्थानों पर निजी नल कनेक्शन होने के बावजूद सार्वजनिक नल चालू हैं, जिससे अनावश्यक जल व्यय हो रहा है।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस पर तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। महापौर ने कहा कि पार्षदों द्वारा उठाई गई समस्याओं का निराकरण समय-सीमा में सुनिश्चित किया जाए तथा कार्य पूर्ण होने के बाद संबंधित वार्ड पार्षदों को इसकी जानकारी भी दी जाए। उन्होंने सड़क सीमा क्षेत्र में किए गए अतिक्रमण को तत्काल हटाने एवं शहर के मुख्य मार्गों सहित सभी वार्डों में नियमित साफ-सफाई व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नरेंद्र बंजारे, लीना दिनेश देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, निलेश अग्रवाल, गोविंद्र देवांगन, रंजीता पाटिल, कार्यपालन अभियंता विनीता वर्मा, प्रकाश चंद थवानी, मोहमद सलीम सिद्दीकी, सहायक अभियंता गिरीश दीवान सहित अन्य मौजूद थे।



### थम नहीं रहा घटिया निर्माण, महापौर ने फिर पकड़ी गड़बड़ी

दुर्ग। शहर में घटिया निर्माण थमने का नाम नहीं ले रहा है। खास तौर पर पेवर ब्लॉक के मामले में लगातार शिकायतें सामने आ रही है। बुधवार को एसपी बंगला के पीछे सिविल लाइन में चल रहे पेवर ब्लॉक के काम को देखने के लिए महापौर अल्का बाघमार मौके पर पहुंची। इस दौरान घटिया निर्माण देख उन्होंने फटकार लगाई। साथ ही फिर से पेवर ब्लॉक को उखाड़कर गुणवत्तायुक्त पेवर ब्लॉक लगाने के निर्देश दिए। बता दें कि इससे पहले जवाहर नगर, पुरानी गंजमंडी में भी पेवर ब्लॉक घटिया लगाए जाने का मामला सामने आया है। महापौर ने उस समय भी ठेकेदार और अधिकारियों को फटकार लगाई थी। इसके बाद भी शहर में घटिया पेवर ब्लॉक का काम बदस्तूर जारी है। निरीक्षण के दौरान लोक कर्म प्रभारी देव नारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, सहायक अभियंता हरिशंकर साहू और ठेकेदार मौजूद थे। निरीक्षण के दौरान निर्माण कार्य में तकनीकी मानकों एवं गुणवत्ता संबंधी गंभीर खामियां पाए जाने पर महापौर ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार को तत्काल खराब हिस्से को उखाड़कर पुनः गुणवत्तापूर्ण निर्माण करने के निर्देश दिए।

# किसानों ने मक्का फसल की राशि दिलाने लगाई गुहार

**दुर्ग।** जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 164 आवेदन प्राप्त हुए। जनदर्शन में प्राप्त विभिन्न आवेदनों पर कलेक्टर ने तत्काल संज्ञान लेते हुए संबंधित अधिकारियों से फोन पर जानकारी ली और उक्त आवेदनों पर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए। दुर्ग व धमधा के किसानों ने मक्का फसल की रकम दिलाने आवेदन दिया। किसानों ने बताया कि पापकार्ननिका प्रा.लि. ग्राम पांगरी खुर्द राजनांदगांव से मक्का बीज लेकर मक्के की खेती की गई। कंपनी द्वारा मक्का फसल खरीदने के बाद निर्धारित समय में भुगतान करने का वादा किया था। किसानों ने बताया कि ग्राम पांवरी खुर्द, बोईरडीह, ओडेरी, भर्रीटोला सहित अन्य गांवों के किसानों ने कंपनी को मक्का फसल बेची।

# बारिश में जलकुंभी से बचाव के लिए 24 एमएलडी इंटकवेल में लगाई लोहे की जाली, आधे शहर की पेयजल आपूर्ति प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

भीषण गर्मी के बीच जब पानी की जरुरत बढ़ गई है, ऐसे समय में बुधवार को शहर में पेयजल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई। 5 टंकियों में जलभराव नहीं हो सका, जिसकी वजह से करीब 20 हजार घरों तक पानी नहीं पहुंचा। शहर के वार्ड-17, 18, 27, 24, 26 सहित अन्य वार्डों में पेयजल को लेकर लोगों को परेशान होना पड़ा। खास बात यह है कि किस वजह से पानी की सप्लाई नहीं हुई, इसे लेकर पार्षदों को भी जानकारी नहीं दी गई। पार्षद पूरे दिन अधिकारियों को फोन गनगनाते रहे, लेकिन कुछ भी पता नहीं चल पाया। देर शाम जानकारी दी गई कि 24 एमएलडी के इंटकवेल के पास एक बड़ी सी लोहे की जाली लगाने के कारण 11 और 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट से सप्लाई वाले पानी की टंकियों में सप्लाई प्रभावित हुई।



### आगामी दिनों में 42 एमएलडी के इंटकवेल में लगाने की तैयारी

अधिकारियों ने बताया कि आगामी दिनों में 42 एमएलडी के इंटकवेल में इस प्रकार की जाली लगाई जाएगी। यह निर्णय इसलिए लिया गया है कि पिछले कुछ सालों में यह देखने में आया है कि बारिश के दिनों में जलकुंभी की वजह से साइफन में कचरा फंसता है। इस वजह से नदी से रॉ वॉटर को लिफ्ट कर फिल्टर प्लांट तक पहुंचाने में प्राब्लम होती है। कई बार मोटर भी बंद पड़ जाता है। नीचे उतरकर बाढ़ और अन्य आपदा की स्थिति में लोगों को साइफन को साफ करना पड़ता है। इस परेशानी से बचाव के लिए साइफन के आसपास लोहे की बड़ी रिंगनुमा जाली लगाने का निर्णय लिया गया है।

### पुलगांव नाला डायवर्सन पूरी तरह फ्लॉप, नहीं हुआ समस्या का समाधान

बता दें कि 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट का इंटकवेल पुलगांव नाले के टेल में बना हुआ है। पूरे साल नाला से निस्तारी और अन्य गंदा पानी इस रास्ते से ही शिवनाथ नदी तक पहुंचता है। नाले के गंदे पानी को ही फिल्टर कर आधे शहर में सप्लाई होती है। इसे लेकर लगातार हो रही आपत्ति के बाद पुलगांव नाला डॉयवर्सन बनाया गया। स्टॉप डैम बनाकर नाले के पानी को रोका गया। ताकि नदी का पानी इंटकवेल तक पहुंचे। वर्तमान में स्टॉप डैम से पानी नहीं रुक रहा। नाला पूरी तरह से जलकुंभी से अटा हुआ है। विशेषज्ञों की मानें तो शिवनाथ नदी के ऊफान में रहने के दौरान उलट से डूबान के हालात बनेंगे।

# बिजली की समस्याओं पर जनप्रतिनिधियों ने अफसरों पर दागे सवाल, की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|दुर्ग

शिक्षामंत्री गजेन्द्र यादव ने बुधवार को दुर्ग पीडब्लूडी सभागार में दुर्ग एवं बेमेतरा जिले के सर्किल विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक लेकर विद्युत व्यवस्था की विस्तृत जानकारी लिए। बैठक में वर्तमान विद्युत आपूर्ति, बिजली कटौती की स्थिति तथा आगामी खरीफ एवं खेती-किसानी सीजन की तैयारियों की समीक्षा की गई।

गजेन्द्र यादव ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भीषण गर्मी के दौरान आमजन को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा अनावश्यक बिजली कटौती में कमी लाने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं।

उन्होंने कहा कि आगामी खरीफ सीजन को ध्यान में रखते हुए किसानों को पर्याप्त एवं सुचारु विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसके लिए आवश्यक रखरखाव कार्य, ट्रांसफार्मर उपलब्धता तथा विद्युत वितरण व्यवस्था को मजबूत बनाने पर विशेष ध्यान दिया जाए तथा शासन की योजनाओं को अमल करने कहा गया।

समक्ष- श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला- बालोद (छ.ग.)

गणेश्वर साहू पति कन्हैया लाल साहू, जाति तेली, उम्र 32 वर्ष, साकिन अंडी, तहसील डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. - शपथकर्ता

// शपथ पत्र //

मै शपथकर्ता शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूं -

1. यह कि, शपथकर्ता का नाम व पता उपरोक्तानुसार है।

2. यह कि, शपथकर्ता के पुत्र का वास्तविक नाम लीखील साहू पिता गणेश्वर साहू है, जिसका उल्लेख जन्मप्रमाण पत्र में दर्ज है। त्रुटिवश शपथकर्ता के पुत्र के आधार कार्ड में नाम लीखील साहू पिता गणेश्वर साहू के स्थान पर लिखित साहू दर्ज हो गया है अतएव आधार कार्ड में लिखित साहू के स्थान पर लीखील साहू पिता गणेश्वर साहू दर्ज कर सुधार किया जाना आवश्यक है के निमित्त सूचना प्रकाशन छ.ग. राजपत्र (गजट) में प्रकाशित कराने बाबत शपथ पत्र माननीय श्रीमान अनुविभागीय दण्डाधिकारी डौण्डीलोहारा, जिला बालोद छ.ग. के समक्ष आज दिनांक 03/06/2026 को शपथकर्ता द्वारा निष्पादित है।

3. यह कि, शपथकर्ता के द्वारा शपथ पत्र में दी गई जानकारी सत्य है गलत पाये जाने पर पूरी जवाबदारी शपथकर्ता का होगा।

अस्तु शपथपत्र प्रस्तुत है । - शपथकर्ता

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कंडिका 1 से लेकर 3 तक दी गई जानकारी सत्य व सही है। जिसे पढ़कर/पढ़ाकर/ समझकर स्थान डौण्डीलोहारा में दिनांक 03/06/2026 को अपना हस्ताक्षर कर सत्यापन करता हूं।

सत्यापनकर्ता
गणेश्वर साहू

समक्ष -श्रीमान पब्लिक नोटरी महोदय गुण्डरदेही जिला बालोद (छ.ग.)

// शपथ पत्र //

मैं शपथकर्ता जानकी पति दिलीप कुमार, उम्र 40 वर्ष, जाति कोष्टा, सांकिन डुड़िया, तहसील अर्जुन्दा, जिला बालोद (छ.ग.) का निवासी हूँ। जो कि निम्न लिखित कथन शपथ पूर्वक प्रस्तुत करता हूँ।

1. यह कि, मैं शपथकर्ता उपरोक्त पते का निवासी हूँ।

2. यह कि, मुझ शपथकर्ता के नाम पर भारतीय स्टेट बैंक शाखा भरदाकला में बचत खाता क्र. 32408527629 खुला है, जिसमें मेरा नाम तुलसी बाई देवांगन दर्ज है, एवं मेरे पेन कार्ड BBRPD5813M है, जिसमें मेरा नाम तुलसी बाई देवांगन दर्ज है।

3. यह कि, मुझ शपथकर्ता के नाम पर जारी आधार कार्ड क्रं. 4252 2110 6277 में मेरा नाम जानकी दर्ज है।

4. यह कि, जानकी एवं तुलसी बाई देवांगन दोनो नाम एक ही व्यक्ति का नाम है। जो कि मुझ शपथकर्ता का नाम है, जो कि सत्य व सहीं है।

5. यह कि, उक्त दोनो नाम किसी अन्य व्यक्ति या अलग-अलग व्यक्ति का नाम पाया जाता है, तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मुझ शपथकर्ता का होगा। एवं मेरे विरूद्ध कार्यवाही किया जा सकता है।

6. यह कि, जानकी एवं तुलसी बाई देवांगन पति दिलीप कुमार दोनों नाम एक ही व्यक्ति का नाम होने के समर्थन में यह शपथ पत्र माननीय सक्षम प्रधिकारी के समक्ष सादर प्रस्तुत करता हूँ।

// सत्यापन //

मैं शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथपत्र की कुल कंडिका क्र. 01 से 06 की मेरी निजी जानकारी के अनुसार सत्य व सही है। अतः आज दिनांक 30 मार्च 2026 को स्थान .............. को अपना हस्ताक्षर किया।

शपथकर्ता
जानकी

## पेज 9 के शेष



### पलारी नगर पंचायत में कांग्रेस का ....

को 65 मतों से पराजित किया। श्याम बाई साहू को 138, चित्ररेखा साहू को 73 एवं नोटा को 06 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 09 प्रेमनारायण साहू ने पोषण लाल साहू को 29 मतों से पराजित किया। प्रेमनारायण साहू को 133, पोषण लाल साहू को 104 एवं नोटा को 05 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 10 में परमानंद सेन ने शैलेष साहू को 05 मतों से पराजित किया। परमानंद सेन को 116, शैलेष साहू को 111 एवं नोटा को 01 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 11 में खिलेश्वरी साहू ने आसकुमारी थानसिंह साहू को 54 मतो से पराजित किया। खिलेश्वरी साहू को 149, आसकुमारी साहू को 95 एवं नोटा को 02 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 12 में प्रवीण कुमार सोनबेर ने झम्मन पटेल को 46 मतों से पराजित किया। प्रवीण सोनबेर को 129, झम्मन पटेल को 83, दीना साहू एवं नोटा को 03–03 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 13 में योगेश्वरी ने प्रेमा पटेल को 49 मतों से पराजित किया। योगेश्वरी को 106, पटेल को 57, परमिला साहू को 06 एवं नोटा को 01 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 14 में भुनेश्वर ठाकुर ने घनश्याम ठाकुर को 102 मतों से पराजित किया। भुनेश्वर ठाकुर को 158, घनश्याम सिंह ठाकुर को 56 एवं वेदप्रकाश ठाकुर को 03 मत प्राप्त हुआ है। वार्ड क्रमांक 15 संतोष कुर्रे ने सुमेर सिंह मारकण्डे को 61 मतों से पराजित किया। संतोष सिंह कुर्रे को 132, सुमेर सिंह मारकण्डे को 71, खिलेश कुमार गहेल को 10 एवं नोटा को 03 मत प्राप्त हुआ है।

### सीलबंद शराब की ...

सीलबंद शराब के भीतर कांच के जैसे दिखने वाले कई छोटे–छोटे टुकड़े दिखाई दिए। इस घटना के सामने आने के बाद जिले के शराब उपभोक्ताओं में भी चिंता बढ़ गई है। लोगों का कहना है कि सरकार और विभाग को शराब की गुणवत्ता जांच की प्रक्रिया को और अधिक सख्त बनाना चाहिए, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो और उपभोक्ताओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आईटीआई प्रवेश के लिए ...

स्वयं इंटरनेट के माध्यम से, छत्तीसगढ़ ऑनलाइन के अधिकृत सहायता केंद्रों अथवा राज्य के किसी भी लोक सेवा केंद्र (चॉइस सेंटर) के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध ऑनलाइन एप्लीकेशन 2026 लिंक के माध्यम से पूरी की जा सकती है। प्रवेश संबंधी पात्रता, नियम एवं अन्य विस्तृत जानकारी विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध प्रशिक्षण विवरणिका में देखी जा सकती है। संस्थान प्रबंधन ने इच्छुक युवाओं से निर्धारित तिथि के भीतर आवेदन करने की अपील की है।


### सेमरिया में गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** अवैध रूप से गांजा बेचने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। नंदिनी पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर ग्राम ओखरा स्थित नारधा सेमरिया तिराहा चौक के पास अवैध रूप से गांजा रखकर बेच रहा था। पुलिस मौके पर पहुंची और युवक को पकड़ा लिया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम पोपचंद मारकण्डे बताया है। उसके पास से पुलिस ने 2.840 किग्रा. गांजा जब्त किया। जिसकी कीमत 48 हजार रुपए आंकी गई है। कार्रवाई में नंदिनी पुलिस का योगदान रहा है। इस क्षेत्र में पहले भी गांजा तस्करी की शिकायत मिल चुकी है। संदिग्धों को गिरफ्तार भी किया जा चुका है।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप



### मनरेगा की आजीविका डबरी बन रही किसानों के लिए वरदान

**डौण्डी।** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) के तहत बनाए जा रहे जल संरक्षण कार्य ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। विकासखंड में निर्मित और निर्माणाधीन आजीविका डबरी किसानों के लिए आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रही हैं। इन डबरियों के जरिए किसान मछली पालन, सब्जी उत्पादन तथा अन्य आजीविका गतिविधियों से जुड़कर आर्थिक रूप से सशक्त हो रहे हैं। कलेक्टर दिव्या उमेश मिश्रा के निर्देशन में संचालित ''मोर गांव मोर पानी'' महाअभियान के तहत जल संरक्षण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 50 तथा वर्ष 2026-27 में 35 आजीविका डबरी और 4 नवा तरिया का निर्माण किया जा रहा है। इन संरचनाओं के माध्यम से वर्षा जल का संचयन, भू-जल स्तर में सुधार और कृषि उत्पादन को बढ़ावा मिल रहा है। प्रशासन ने 15 जून तक सभी निर्माणाधीन आजीविका डबरी और नवा तरिया को पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। ग्राम पंचायतों के जनप्रतिनिधियों के नेतृत्व में पंजीकृत श्रमिक निर्माण कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभा रहे हैं। वर्तमान में विकासखंड में जल संरक्षण और प्राकृतिक संसाधन प्रबंधन से जुड़े 223 से अधिक कार्य प्रगति पर हैं, जिनके माध्यम से प्रतिदिन 14 हजार से अधिक श्रमिकों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। तालाब गहरीकरण, खेत तालाब, डबरी निर्माण, चेकडेम, मेडबंधान और नाला उपचार जैसे कार्यों से जल उपलब्धता बढ़ने के साथ ग्रामीणों को अपने गांव में ही रोजगार मिल रहा है, जिससे पलायन पर भी प्रभावी नियंत्रण हो रहा है।

### हेरोइन के साथ महिला पकड़ी गई



**भिलाई।** हेरोइन के साथ पुलिस ने एक महिला को गिरफ्तार किया है। सीएसपी सत्य प्रकाश तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर खुर्सीपार जोन 3 निवासी रज्जी कौर के पास से नशे का सामान हेरोईन 5.80 ग्राम बरामद किया गया है। जिसकी कीमत 5.80 लाख रुपए आंकी गई है। इसके अलावा नगदी रकम और बेचने की राशि 20 हजार 900 रूपये, तीन मोबाइल जब्त किया है। मुखबिर की सूचना पर आरोपिया रज्जी कौर सिरसागेट यात्री प्रतिक्षालय के पास हेरोईन चिट्टा रखकर बेचने की का प्रयास कर रही थी। महिला को भिलाई तीन पुलिस तुरंत पकड़ने पहुंची। उसके पास से हेरोईन मिला। महिला से पूछताछ करने पर नसे का सामान बेचना स्वीकार किया। महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

## निधन

### कार्तिक राम साहू



**बालोद/निकुम।** निकुम भाटापारा निवासी 75 वर्षीय पूर्व पंच कार्तिक राम साहू का निधन हो गया है। वहीं अंतिम संस्कार गृहग्राम निकुम मुक्ति धाम में किया गया, वे रूपेंद्र साहू पिता व मुकेश साहू व दिनेश साहू के दादा थे।

### किशोर कुमार सिन्हा



**बालोद/कलंगपुर।** सेवा निवृत्त प्रधान पाठक एवं वर्तमान कलंगपुर वार्ड क्रमांक 17 के पंच कलंगपुर निवासी किशोर कुमार सिन्हा कटेन्द्र 73 वर्षीय का निधन हो गया है। जिनकी अंतिम संस्कार ग्राम के मुक्तिधाम में किया गया। वे लोकेश्वर कुमार सिन्हा, मधुसूदन सिन्हा एवं वेदनंदनी सिन्हा के पिता थे।

शिकायत और सीमांकन के बाद बिना नोटिस का इंतजार किए हटाया 30 साल पुराना कब्जा

# सरपंच मंजूलता ने पेश की मिसाल, पति के अतिक्रमित मकान पर खुद चलवाया बुलडोजर



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

ओरमा सरपंच ने दी मिसाल, पति के मकान पर खुद बुलडोजर चलवाया, ससुराल के 30 साल पुराना कब्जा को सरपंच ने जानकारी होने पर सरकारी नोटिस का इंतजार किए बिना स्वयं अतिक्रमण हटाया।

जिला मुख्यालय से 3 किमी दूर ग्राम मेंड़की में ओरमा सरपंच मंजूलता साहू ने अपने पति के अतिक्रमित मकान को बुलडोजर चलवाकर अतिक्रमण हटा दिया। 30 साल पुराने कब्जे को लेकर गांव में चर्चा है कि सरपंच ने बिना किसी सरकारी नोटिस के ये कदम उठाया।

ओरमा निवासी रोहित कुमार साहू पिता खोरबाहरा राम साहू ने 14 मई को सुशासन तिहार में शिकायत की थी कि मेंड़की निवासी परस राम साहू ने अपनी निजी भूमि से लगी शासकीय भूमि पर अतिक्रमण कर रखा है।

शिकायत पर तहसीलदार आशुतोष शर्मा के आदेश से हल्का पटवारी तरन्नुम खान ने शिकायतकर्ता, ग्राम पटेल व ग्रामीणों की मौजूदगी में परस साहू की भूमि का सीमांकन किया। सीमांकन में लगभग 3–4 डिसमिल शासकीय भूमि पर अतिक्रमण पाया गया।

सीमांकन के बाद सरपंच मंजूलता साहू को जानकारी मिली कि उनके पति की मूल भूमि से सटी शासकीय भूमि पर कब्जा है। इसके बाद 26 मई से 4 जून के बीच सरपंच ने स्वयं बुलडोजर लगवाकर अतिक्रमित हिस्से को हटवा दिया। भूमि स्वामी परस साहू ने कहा रोहित साहू की शिकायत पर पटवारी द्वारा चिन्हित स्थल से हमने अतिक्रमण हटा दिया है। यदि शिकायतकर्ता संतुष्ट नहीं है तो दोबारा सीमांकन करवा सकते हैं। सरपंच मंजूलता साहू ने कहा शिकायतकर्ता रोहित साहू ने शिकायत की थी। नियमतः शासकीय भूमि को खाली करना जरूरी है। शासन का भी स्पष्ट निर्देश है कि अतिक्रमण मुक्त किया जाए। यह जमीन मेरे ससुर स्व. फूल सिंह साहू ने 35 साल पहले खरीदी थी और तब से हम काबिज हैं।

फिर भी सरपंच होने के नाते मैंने खुद पहल कर अतिक्रमण हटाया है। प्रशासन को चाहिए कि सभी अतिक्रमण पर समान कार्रवाई करे। आमतौर पर 30 साल से काबिज अतिक्रमण के मामलों में तहसील न्यायालय से नोटिस की प्रक्रिया अपनाई जाती है। लेकिन यहां सरपंच ने नोटिस का इंतजार किए बिना स्वेच्छा से कार्रवाई की, जिससे पूरे क्षेत्र में इसकी सराहना हो रही है।

# 9 जून को मनाया जाएगा वेदांत केशरी स्वामी आत्माराम कुम्भज का अवतरण दिवस



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

महर्षि मुक्त सत्संगियों का महर्षि मुक्त लोक सेवा न्यास हथौद की बैठक आश्रम परिसार में आयोजित हुई। बैठक में वेदांत केशरी ब्रह्मलीन स्वामी आत्मा राम कुम्भज के अवतरण दिवस 09 जून मंगलवार को मनाने पर चर्चा हुई एवं कार्यक्रम की रूपरेखा सर्वसम्मति तय की गई।

तय कार्यक्रम के अनुसार प्रातः 10 बजे गुरु पादुका पूजन, 11 से 1 बजे मुक्तानुभूति मुक्तवाणी गिरिजा देवी शर्मा माताजी द्वारा, दोपहर 1 से 2 बजे महाप्रसादी 2 बजे से 4:30 बजे मुक्तवीर पंडवानी पार्टी सिंहनगढ़ कवर्धा गायक प्रहलाद निषाद स्वामी वीर सिंह देव होंगे। संध्या गुरु आरती कर कार्यक्रम कर समापन होगा। बैठक में आगामी गुरु पूर्णिमा पर इस वर्ष मुक्त मनीषियों के सानिध्य में तीन दिवसीय आवासीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव आर भी चर्चा हुई, जिसे उपस्थित जनों ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया।

बैठक में न्यास के अध्यक्ष गोविंद राम साहू, उपाध्यक्ष जागेश्वर साहू, सचिव पवन साहू, वरिष्ठ सदस्य ओमप्रकाश गजेंद्र, रामभरोसा साहू, लखन ठाकुर, सागर दास मानिकपुरी, संतोष सिन्हा, देवेंद्र साहू, तोषण साहू, हेमंत सिन्हा, डीआर यादव, डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने उपस्थिति दी। उक्तशय की जानकारी प्रखर वेदांत वक्ता डॉ पुरुषोत्तम सिंह राजपूत ने दी।

# सुशासन शिविर में उठा स्थानीय निवास का मुद्दा, आवेदक ने अधिकारियों-कर्मचारियों के मुख्यालय में रहने की उठाई मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जामगांव आर

सुशासन शिविर बुधवार को जामगांव आर में अच्छी खासी 2373 आवेदकों की भीड़ उमड़ी। जो आवेदन प्राप्त हुए उसमें एक आवेदन ऐसा भी आया जिसमे आवेदक ने कहा कि जब कलेक्टर, एसपी का मुख्यालय में रहना अनिवार्य है तो यही सिस्टम सभी विभाग के कर्मचारियों के लिए शासन लागू कर दे तो सुशासन तिहार जैसा आयोजन तपती गर्मी में सरकार को करने की जरूरत ही नहीं पड़ेगी।

आवेदक ने कहा कि शिक्षा का स्तर इतना गिरा है कि 8 वीं तक शासन की —पा से सतत उतीर्ण हो जाने वाले अनेकों बच्चे 9वीं में बगले झांकते है। यदि शिक्षक मुख्यालय में रहे तो गुरु शिष्य का मेल मिलाप स्कूली अवधि के बाद भी हो सकती है, जिसका लाभ शिष्य को अवश्य मिल सकता है। और शिक्षा का स्तर में अच्छा परिणाम आ सकता है। जामगांव आर में उप तहसील, शासकीय कालेज, सेजस शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, लोकनिर्माण विभाग, ग्राम पंचायत, पशु चिकित्सालय, विद्युत विभाग आदि की सेवाएं तो मिलती है, लेकिन मुख्यालय में निवासरत अधिकारी नजर नहीं आते, जिससे इनका जुड़ाव आम जनता से नहीं बन पाता, अधिकांश लोग शहरों से आते है और नौकरी बजाकर निकल पड़ते है। इससे शहरों का लोड बढ़ता है और गांव खाली का खाली रह जाता है। इस दिशा में सरकार त्वरित चिंतन कर गावो और जनहित की दृष्टि से ऐसा नियम लागू करे कि सेवारत स्थान पर अधिकारी कर्मचारी निवासरत होकर समर्पित सेवा दे सके।

### हल्दी में सेन समाज सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन, विधायक कुंवर सिंह ने रखी आधारशिला



**बालोद/सिकोसा।** गुण्डरदेही विधानसभा के विधायक कुंवर सिंह गुण्डरदेही ब्लॉक के ग्राम हल्दी में सेन समाज सामुदायिक भवन निर्माण का भूमि पूजन किया। विधायक ने कहा कि सेन नाई समाज सेवाभावी समाज है। कई पिंडियों से गांव में सामाजिक कार्योंर् में सेवा कार्य किया है। समाज ने बच्चों को पढ़ाई के साथ संस्कार भी सिखाए। जिस समाज में बच्चे पढ़ते हैं वह समाज आगे बढ़ता है।

# आंगनबाड़ी केंद्र में आयोजित सुपोषण चौपाल, बच्चों का कराया अन्नप्राशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडीलोहारा



ग्राम संबलपुर स्थित आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक-03 में पोषण स्तर में सुधार एवं जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया। शासन के निर्देशानुसार प्रतिमाह के प्रथम एवं तृतीय गुरुवार को आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा पोषण संबंधी जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के तैलचित्र पर पूजा-अर्चना के साथ किया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिला श्रीमती टिकेश्वरी लटिया की गोदभराई की गई तथा उन्हें पौष्टिक आहार एवं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के संबंध में जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान छह माह पूर्ण कर चुके तीन बच्चों गर्व (माता- उर्वशी), पूर्वांश (माता- महेश्वरी निषाद) एवं रूहानी (माता- सीमा गिरी) का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न कराया गया। बच्चों को पहली बार ऊपरी ठोस आहार खिलाकर उनके सुपोषण की शुरुआत की गई। सुपोषण चौपाल के सफल आयोजन में किशोरी बालिकाएं अनुराधा, नेहा एवं कशिश ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता शकुन निषाद तथा सहायिका तामेश्वरी नायक की महत्वपूर्ण भूमिका रही। कार्यक्रम के अंत में उपस्थित महिलाओं, बच्चों एवं ग्रामीणों को पोषण संबंधी जानकारी देने के साथ जलपान एवं नाश्ता वितरित किया गया। इसके पश्चात कार्यक्रम का विधिवत समापन किया गया।

# वीर सावरकर नेशनल कॉन्क्लेव अवॉर्ड से सम्मानित हुए गुलशन कुमार साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुण्डरदेही




भारतीय जनता युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष एवं जनपद पंचायत गुण्डरदेही के सभापति गुलशन कुमार साहू को नई दिल्ली स्थित

- राष्ट्रसेवा, समाजसेवा और युवा नेतृत्व के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए नई दिल्ली में मिला राष्ट्रीय सम्मान

भारत मंडपम में आयोजित वीर सावरकर नेशनल कॉन्क्लेव अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें राष्ट्रहित, समाजसेवा, युवा नेतृत्व, क्षेत्र मे फ्री कोचिंग क्लासेस एवं जनकल्याण के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया।

इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तित्वों को आमंत्रित किया गया था। साहू को सम्मानित किए जाने पर बालोद जिले सहित क्षेत्र में हर्ष का माहौल है। सम्मान प्राप्त करने के बाद गुलशन कुमार साहू ने कहा कि यह सम्मान उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं है, बल्कि बालोद जिले के समस्त युवाओं, कार्यकर्ताओं, शुभचिंतकों, छात्रे एवं आमजन के विश्वास और सहयोग का सम्मान है।

उन्होंने कहा कि वे भविष्य में भी राष्ट्रसेवा, समाजसेवा तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा प्रदान करने के लिए पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करते रहेंगे।

साहू की इस उपलब्धि पर भारतीय जनता पार्टी, भारतीय जनता युवा मोर्चा, सामाजिक संगठनों, जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्रवासियों ने हर्श व्यक्त किया।

# नैनो उर्वरक से बढ़ा उत्पादन, किसान की खेती बनी लाभकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

नैनो उर्वरक का उपयोग कर बालोद जिले के डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम फिरतुटोला के किसान महमुद हसन अंसारी अब अपनी खेती को बेहतर उत्पादन एवं मुनाफेदार बना रहे हैं। वे नैनो उर्वरक का वैज्ञानिक पद्धति से उपयोग कर अपने फसल उत्पादन में वृद्धि कर रहे है। किसान श्री महमुद हसन ने बताया कि वे लगभग 07 एकड़ भूमि पर —षि कार्य करते हैं। वे खरीफ सीजन में धान की फसल तथा रबी सीजन में मुख्य रूप से चना और गेहूं की खेती करते हैं।




इसके लिए वे प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति रेंगाडबरी से उन्नत बीज और खाद प्राप्त करते हैं। महमुद ने बताया कि इस वर्ष भी उन्होंने समय पर सहकारी समिति से पर्याप्त मात्र में खाद–बीज का उठाव कर लिया है। नैनो उर्वरक के उपयोग के संबंध में अपने अनुभव साझा करते हुए महमुद हसन ने कहा कि उसने कृषि विभाग के अधिकारियों के तकनीकी मार्गदर्शन में अपने खेतों में नैनो उर्वरक का छिड़काव किया है। इसका परिणाम बेहद ही प्रभावी रहा है। नैनो खाद के उपयोग से न केवल धान, चना, गेहूं की फसल की गुणवत्ता सुधरी है तथा बल्कि प्रति एकड़ उत्पादन में भी बेहतरीन वृद्धि हुई है। उन्होंने जिले के अन्य किसानों से भी अपील की है कि वे पारंपरिक खादों पर निर्भरता कम कर नैनो उर्वरक को अपनाएं, जिससे कम लागत में बेहतर और पौष्टिक फसल का उत्पादन किया जा सके। महमुद हसन ने छत्तीसगढ़ शासन द्वारा चलाई जा रही कृषक उन्नति योजना की सराहना करते हुए बताया कि इस योजना के तहत धान का बढ़ा हुआ मूल्य मिलने से हम किसानों की आर्थिक स्थिति बेहतर हुई है। योजना से मिली अतिरिक्त राशि का उपयोग वे अपने खेती–किसानी के कार्योंर् को बेहतर बनाने के साथ ही अपना स्वयं का पक्का मकान बनाने के लिए कर रहे हैं। किसान हितैषी योजनाओं के निरंतर संचालन और कृषि को लाभकारी बनाने के लिए किसान महमुद हसन अंसारी ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति सहर्ष आभार व्यक्त किया है।

### रेंगाडबरी समिति में यूरिया की कमी 576 किसान खाद के इंतजार में

**डौण्डीलोहारा।** खरीफ सीजन की तैयारियों के बीच आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित रेंगाडबरी में यूरिया खाद की कमी से किसानों की चिंता बढ़ गई है। समिति में पंजीकृत 1255 किसानों में से अब तक केवल 679 किसानों को ही यूरिया खाद का वितरण हो सका है, जबकि 576 किसान अभी भी खाद मिलने का इंतजार कर रहे हैं। धान बुआई का समय नजदीक आने और कृषि कार्य शुरू होने में महज 15 से 20 दिन शेष रहने के कारण किसान समिति के लगातार चक्कर लगा रहे हैं। किसानों का कहना है कि समय पर खाद उपलब्ध नहीं होने से खेती की तैयारियां प्रभावित हो रही हैं और इसका सीधा असर फसल उत्पादन पर पड़ सकता है।समिति के प्रबंधक रुद्र नारायण देशमुख ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार प्रति एकड़ के मान से एक बोरी यूरिया का वितरण किया जा रहा है। उपलब्ध स्टॉक के अनुसार पोर्टल में दर्ज किसानों को खाद दिया जा रहा है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि जैसे ही यूरिया की अगली रैक पहुंचेगी, शेष किसानों को भी खाद उपलब्ध करा दी जाएगी।किसानों ने बताया कि खाद की आपूर्ति किस्तों में होने के कारण उन्हें बार-बार परिवहन का खर्च उठाना पड़ता है। अतिरिक्त किराया लगने से कई किसान शेष खाद का उठाव नहीं कर पा रहे हैं। किसानों ने प्रशासन से मांग की है कि बुआई शुरू होने से पहले पर्याप्त मात्रा में यूरिया उपलब्ध कराई जाए, ताकि खेती का कार्य समय पर पूरा हो सके और उत्पादन प्रभावित न हो।

## विधायक कुंवर सिंह निषाद ने अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

# माहुद बी सुशासन शिविर में 1653 आवेदन मिले, 1435 का मौके पर निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



सुशासन तिहार अंतर्गत गुण्डरदेही विकासखण्ड के ग्राम माहुद बी में जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। ग्राम माहुद बी में आयोजित शिविर में आज विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 1653 आवेदन प्राप्त हुए थे जिसमें से 1435 आवेदनों का मौके पर निराकरण सुनिश्चित किया गया।

इसके अंतर्गत माहुद बी में आयोजित शिविर में गुण्डरदेही विधानसभा क्षेत्र के विधायक कुंवर सिंह निषाद, पूर्व विधायक बीरेन्द्र साहू एवं राजेन्द्र राय, जनपद पंचायत अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, जनपद सदस्य मीना देशमुख, आसिफ गहलोत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों के द्वारा ग्रामीणों एवं हितग्राहियों को कृषि विभाग अंतर्गत मृदा स्वास्थ्य कार्ड, मत्स्य पालन प्रसार योजना अंतर्गत जाल का वितरण किया गया। शिविर मे विधायक कुंवर सिंह निषाद ने विभिन्न विभाग के अधिकारियों को सुशासन तिहार के दौरान आम जनता से प्राप्त आवेदनों का समुचित निराकरण सुनिश्चित करने को कहा। जिससे कि सुशासन तिहार का आयोजन सार्थक हो सके। इस मौके पर कुंवर सिंह निषाद ने शिविर में उपस्थित लोगों को नीर चेतना अभियान के तहत जल संरक्षण एवं संवर्धन में अपनी सहभागिता सुनिश्चित करने की शपथ भी दिलाई। वीरेन्द्र साहू ने कहा कि केन्द्र व राज्य सरकार समाज के सभी वर्गोंर् के विकास के लिए संकल्पित है। पूर्व विधायक राजेन्द्र राय ने शिविर में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारी–कर्मचारियों को आम जनता से प्राप्त आवेदनों का पूरी संवेदनशीलता के साथ निराकरण सुनिश्चित करने को कहा।

जनपद अध्यक्ष पुरूषोत्तम चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य मीना उमाशंकर साहू, भी सभा को संबोधित किया। माहुद बी में आयोजित जनसमस्या निवारण शिविर में ग्राम खुटेरी रंग, रेंगाकठेरा, सिकोसा, लिमोरा, ईरागुड़ा, सरेखा, दनिया, भाठागांव बी, बिरेतरा, माहुद बी, पसौद, मटिया ह, पैरी, मोंगरी और सलौनी ग्राम पंचायतों के बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। माहुद बी शिविर में आज पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को 1000 आवेदन, खाद्य विभाग को 149, राजस्व विभाग को 134, ऊर्जा विभाग को 103, समाज कल्याण विभाग को 50, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को 42 आवेदन सहित विभिन्न विभागों से कुल 1653 आवेदन प्राप्त हुए थे। जिसमें से कुल 1435 आवेदनों का निराकरण किया गया। शिविर में एसडीएम प्रतिमा ठाकरे झा, तहसीलदार एवं जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सहित माहुद बी कलस्टर में शामिल 16 ग्राम पंचायतों के सरपंचों के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित थे।

### टोलाघाट एनीकेट में युवक डूबा

**भिलाई।** टोलाघाट एनीकेट में डूबने से एक युवक की मौके पर मौत हो गई। पाटन पुलिस ने बताया कि बुधवार को एनीकेट में डूबने की सूचना पर एसडीआरएफ दुर्ग की टीम ने रेस्क्यू ऑपरेशन किया। घटना की सूचना कंट्रोल रूम को मिली थी। जिला सेनानी एवं जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह के निर्देश पर पाटन भेजा गया। एसडीआरएफ के डीप डाइविंग एक्सपर्ट राजकुमार यादव, चंद्रप्रताप जघेल ने करीब 20 फीट गहरे पानी में उतरकर युवक के शव को बाहर निकालकर पुलिस को सौंपा गया। मृतक का शिनाख्त गुड़ियारी

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज